दिनांक: 30.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में जल जीवन मिशन के लिए 1 हजार 507 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय सहमति–ग्रामीण क्षेत्रों में नल से जल की आपूर्ति के लिए कई काम होंगे।
- सेवा पखवाड़े के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज जैतारण दौरे का कार्यक्रम–362 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।
- दुर्गाष्टमी पर्व आज मनाया जा रहा है–देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता और घरों में कन्या पूजन के आयोजन।
- प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई जगहों पर बारिश हुई–3 अक्टूबर तक विभिन्न स्थानों पर बरसात का पूर्वानुमान।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एनडीए सरकार ने देश में सुशासन का नया मॉडल दिया है। आज भारत विकास भी और विरासत भी के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री कल दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर नए बने प्रदेश भाजपा कार्यालय के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। श्री मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से जीएसटी कटौती के फायदे पहुँचाने का आह्वान किया।

................

000

प्रदेश में जल जीवन मिशन के लिए 1 हजार 507 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय सहमति दी गई है। वित्त विभाग की ओर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को विभिन्न जिलों में कई कामों के लिए ये राशि मंजूर की गई है। इसके जरिए उदयपुर, अलवर, बांसवाड़ा, कोटा, झालावाड़, अजमेर, जोधपुर और जैसलमेर जिलों की ग्राम पंचायतों में मिशन से जुड़े काम करवाए जाएंगे। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

000

सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव के तहत स्वीकृति और राशि हस्तांतरण कार्यक्रम होंगे। इसके जरिए लोगों को विभिन्न योजनाओं के लिए मंजूरी और डीबीटी की जाएगी। वहीं 17 सितम्बर से शुरू हुए ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों से भी बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशभर में लगातार इन शिविरों का जायज़ा ले रहे हैं। इसी कड़ी में श्री शर्मा आज जैतारण पहुंचेंगे। इस दौरान वे 362 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से –

...................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज अजमेर प्रवास पर रहेंगे। वे दिव्यांगजों के स्कूटी वितरण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके साथ ही सड़क, निर्माण कार्यों का शुभारंभ करेंगे।

000

प्रदेश में कल से समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 7 अक्टूबर तक चलने वाले इस सप्ताह के दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कल अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान, उनके अधिकारों की प्रति चेतना जागृत करने के लिए कई आयोजन होंगे। इसके साथ ही चिकित्सा शिविर भी लगाये जाएंगे।

सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर कानाराम ने बताया कि इस अवसर पर वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को जरूरी वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस है। यह दिन भाषा विशेषज्ञों के कामों को मान्यता देने का एक अवसर है। यह राष्ट्रों को एक साथ लाने, संवाद, समझ और सहयोग बढाने के साथ विश्व शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है।

000

शारदीय नवरात्र में आज दुर्गाष्टमी मनाई जा रही है। भक्त मां गौरी की आराधना कर सुख, समृद्धि की कामना कर रहे हैं। वहीं कई स्थानों पर कन्या पूजन भी किया जा रहा है। हनुमानगढ जिले के पल्लू स्थित मां ब्रह्माणी मंदिर में मातारानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। बारां में भी देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है और माता के पंडालों में कन्या भोज के कार्यक्रम रखे गये हैं। करौली के प्रसिद्ध शक्तिपीठ केलादेवी मंदिर में लांगूरिया गीतों की धूम है। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं।

.................

जैसलमेर के शक्तिपीठों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे हैं। आशापुरा माता मंदिर, खीवज मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। भीलवाडा जिले के धनोप और वक्या माता मंदिर में मेले का आयोजन किया गया है। वहीं पाली के लाखोटिया मेला मैदान में दुर्गा, गणेश और लक्ष्मी की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। बाडमेर में भी मां अम्बे के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा स्थित मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें देखी जा रही हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर को संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक बताया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भी दुर्गाष्टमी पर मां गौरी से सभी की सुख–समृद्धि और शांति की कामना की है।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार तेज हवाओं और बरसात का ये सिलसिला तीन अक्टूबर तक बना रह सकता है। आज उदयपुर और कोटा संभाग के कई जिलों में बरसात का पूर्वानुमान है। भीलवाड़ा जिले में कल कई स्थानों पर बारिश हुई। जिससे खलिहानों में रखी खरीफ फसलों के खराब होने की आशंका है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के आसींद, रायला, गुलाबपुरा और हुड़ला क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई।

.................

नागौर में भी कल मौसम बदला और ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह हल्की बारिश हुई। वहीं पाली में भी करीब एक घंटे मध्यम से तेज बरसात का दौर चला। बालोतरा में बारिश से कई स्थानों पर फसलों के भीगने के समाचार हैं। सीकर में आज सुबह से ही हल्की बारिश का दौर चल रहा है। रींगस, पलसाना और फतेहपुर में तेज बरसात हो रही है।

000

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में कल से नया पर्यटन सत्र शुरू होगा। इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। नये सत्र के साथ ही देशी–विदेशी सैलानियों का उद्यान भ्रमण का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इसे लेकर वन विभाग के साथ ही पर्यटन कारोबारी भी उत्साहित हैं।

000